**लापरवाही** | संबल योजना प्रभारी, पशु चिकित्सा विभाग के डॉक्टर, सहायक यंत्री की लारपवाही पर कलेक्टर ने दिए कार्रवाई के निर्देश

# नहीं अटैंड की शिकायतें, अधिकारियों का कटेगा वेतन

**नवभारत, कटनी।** कलेक्ट्रेट में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर आशीष तिवारी ने सोमवार को सीएम हेल्पलाइन की 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करें। शिकायतें नॉट अटेंड होना गंभीर लापरवाही मानी जाएगी। उन्होंने शिकायतें अटेंड नहीं करने वाले 5 शासकीय कर्मियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को अटेंड नहीं करने वाले विभिन्न विभागों के 5 शासकीय कर्मियों का कलेक्टर ने एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। इन लापरवाह कर्मियों में संबल योजना प्रभारी नगर निगम सनद विश्वकर्मा, पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी डॉ मणि गुप्ता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक यंत्री साकेत सुहाने और मोहित तिवारी शामिल हैं।



कलेक्टर ने संकल्प से समाधान योजना के तहत हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही 16 फरवरी से शुरू होने वाले अभियान के द्वितीय चरण में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शिविरों का आयोजन कर हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने की हिदायत दी। जिले में संकल्प से समाधान अभियान के तहत विभिन्न विभागों की 106 सेवाओं का लाभ आमजन को दिलाया जा रहा है। ई-केवाईसी करने के कार्य में कटनी जिला प्रदेश के 5 अग्रणी जिलों में शामिल हैं।फार्मर आईडी बनाने के मामले में कलेक्टर श्री तिवारी ने विजयराघवगढ़ तहसीलदार की सराहना की। उन्होंने रीठी की कमजोर प्रगति में सुधार करने की नसीहत दी। जिले में अब तक दो लाख दो हजार 385 किसानों की फार्मर आईडी रजिस्ट्री बनाने का कार्य हो गया है। कलेक्टर ने मानव अधिकार सहित अन्य आयोगों के पत्रों पर समय पर जवाब देने की हिदायत दी। कलेक्टर ने फार्मर रजिस्ट्री,पी एम किसान ई-केवाईसी, भू-अभिलेख, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती, किसान क्रेडिट कार्ड, पी एम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और लाड़ली लक्ष्मी योजना सहित आयुष्मान कार्ड बनाने की स्थिति की समीक्षा किया। उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में और अधिक गति लाने की हिदायत दी।

कलेक्टर ने धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री उज्ज्वला 3.0 योजना के तहत आदिवासी परिवारों की ई-केवाईसी करने और नि:शुल्क गैस, चूल्हा, गैस-सिलेण्डर से लाभान्वित कराने के निर्देश जिला आपूर्ति अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने उपसंचालक कृषि को प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना के तहत सोलर पंप वितरण के लिए चिन्हित 559 किसानों से संपर्क और संवाद कर लाभान्वित करने की हिदायत दी। कलेक्टर ने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और तहसीलदारों को निर्देशित किया कि लोकसेवा केंद्र सहित अन्य माध्यमों से जन्म -मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने के आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई की जाए। साथ ही सभी सीईओ जनपद पंचायत इस आशय का प्रमाण पत्र भी दें कि उनके विकासखंड में एक साल से अधिक अवधि का कोई मामला जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए लंबित नहीं है।



## सियार ने घर में घुसकर किया हमला, तीन जख्मी

**घर में बंधी भैंस पर भी किया हमला, क्षेत्र में दहशत**

**नवभारत,कटनी।** जिले के कनकी गांव में सोमवार सुबह सियार ने घर के अंदर घुसकर हमला कर परिवार के दो महिला सहित एक पुरूष को जख्मी कर दिया है। तेंदुए ने घर में बंधी भैंस पर भी हमला कर उसे जख्मी कर दिया है। जानकारी के अनुसार कनकी गांव निवासी मनीराम पटेल (38) अपने परिवार के साथ घर की बाड़ी में मवेशियों को चारा डाल रहे थे। इसी दौरान जंगल की तरफ से आया एक सियार बाड़ी के रास्ते घर के आंगन में घुस गया। सियार ने सबसे पहले मनीराम पर हमला किया, उन्हें बचाने दौड़ीं सोमवती (36) और महिमा बाई (60) को भी सियार ने हमलाकर जख्मी कर दिया है। परिजनों को लहूलुहान करने के बाद सियार ने खूंटे पर बंधी भैंस पर भी हमला किया। इसके बाद ग्रामीणों के शोर मचाने पर सियार वहां से भाग निकला। ग्रामीणों की मदद से तीनों घायलों को रीठी के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। इस घटना के बाद से कनकी गांव के लोग डरे हुए हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग और स्थानीय प्रशासन को मामले की जानकारी दे दी है। ग्रामीणों का कहना है कि जंगली जानवर अब रिहायशी इलाकों में घुसने लगे हैं, जिससे बच्चों और पालतू पशुओं की सुरक्षा को लेकर खतरा पैदा हो गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग से से कार्रवाई करने की मांग की है।

### एक नजर में



#### हरदीकुटी आश्रम में श्रीराम यज्ञ 14 फरवरी से

**नवभारत, उमरियापान।** जिले के उमरियापान के समीपस्थ हरदीकुटी आश्रम में महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर अगामी 14 फरवरी से 24 फरवरी तक ब्रम्हचारी संतश्री कौशिल्या दास जी महाराज के सानिध्य में दस दिवसीय श्रीराम महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसकी जोर शोर से तैयारियां की जा रही है। आयोजन समिति के रामकृष्ण दीक्षित ने बताया कि पंडित ज्ञानजी महाराज बडीपोंडी के दिशा मार्गदर्शन में विधि-विधान से महायज्ञ होगा। कार्यक्रम की श्रृंखला में 14 फरवरी को कलशयात्रा, 15 फरवरी को अग्नि प्राकट्य, 22 को पूर्णाहुति, 23 फरवरी को कन्या भोज, विशाल भंडारा और 24 फरवरी को जल विहार के साथ यज्ञ का समापन होगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं से पहुंचकर धर्मलाभ लेने की बात कही गई है।

#### तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौत

**नवभारत, कटनी।** रीठी थाना अंतर्गत कटनी-दमोह मार्ग पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने बुजुर्ग महिला को कुचल दिया। हादसे में 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि सिंघिया गांव निवासी प्यारी बाई आदिवासी रविवार देर शाम अपने घर से खेत की ओर जा रही थीं। तहसील कार्यालय के पास सड़क पार करते समय ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

## शिकार के लिए फैलाए गए करंट से हुई ग्रामीण की मौत

**ढीमरखेड़ा क्षेत्र में हुई थी घटना पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा**

**नवभारत, कटनी। जिले की ढीमरखेड़ा पुलिस ने जंगली जानवरों के शिकार के लिए फैलाए गए करंट की चपेट में आकर हुई एक मौत के मामले में पुलिस ने फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।**



पुलिस ने बताया कि झिन्ना पिपरिया गांव निवासी भागीरथ कुम्हार पुलिस ने बताया कि यह घटना 9 दिसंबर 2025 को ठाकुर बाबा नाला के पास श्रीलाल कुम्हार के खेत की ओर गया था। आरोपियों ने वहां जंगली जानवरों के शिकार के इरादे से अवैध रूप से बिजली का करंट फैला रखा था, जिसकी चपेट में आने से भागीरथ की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ढीमरखेड़ा पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी। जांच और साक्ष्यों के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि यह कोई सामान्य घटना नहीं, बल्कि शिकार के लिए बिछाया गया जानलेवा जाल था। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे के नेतृत्व में फरार आरोपियों की तलाश शुरू की है। विवेचना के दौरान पुलिस ने इस मामले में संदेह के आधार पर गूड़ा गांव निवासी अनिल उर्फ बबलू पिता गोरेलाल लोनी और मनरमन पिता मुन्नीलाल लोनी को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान पर दोनों आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक चौबे, एसआई सुरेश चौधरी, एएसआई विजेन्द्र तिवारी सहित अन्य पुलिस कर्मियों की उपस्थिति रही।

## गुडें-बदमाशों पर रखें नजर, आदतन अपराधियों का कराएं जिलाबदर

**पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित की गई अपराध समीक्षा बैठक**

**नवभारत, कटनी।** पुलिस कंट्रोल रूम में मासिक अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, गुंडा-निगरानी बदमाशों पर लगातार निगरानी और नियमित गश्त के करने के निर्देश दिए। बैठक में जिले के सभी थाना क्षेत्रों के गंभीर अपराध, महिला संबंधी अपराध, मर्ग प्रकरण, लंबित शिकायतों का निराकरण, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, ई-साक्ष्य, ई-विवेचना, ई-समन, वारंट तामीली, सीसीटीएनएस फीडिंग सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई।




पुलिस अधीक्षक ने आगामी दिनों में जिले में आयोजित होने वाली आर्मी भर्ती, महाशिवरात्रि, रमजान सहित अन्य पर्वों, कार्यक्रमों के दौरान सुरक्षा, यातायात, कानून-व्यवस्था मजबूत रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। संवेदनशील स्थानों पर लगातार पुलिस भ्रमण, ग्राम चौपालों के माध्यम से सजग दृष्टि अभियान के अंतर्गत सीसीटीवी कैमरे लगवाने, नियमित रात्रि और प्रभात गश्त करने के निर्देश दिए गए। जिले में घटित सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित आंकड़ों की तुलनात्मक समीक्षा की गई। पूर्व अवधि की तुलना में वर्तमान स्थिति का विश्लेषण करते हुए दुर्घटनाओं के कारण, समय, स्थान और प्रवृत्तियों पर विस्तार से चर्चा की गई। तेज गति, शराब पीकर वाहन चलाना, हेलमेट, सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करना, गलत दिशा में वाहन चलाना, यातायात नियमों की अनदेखी जैसे प्रमुख कारणों पर विशेष ध्यान देते हुए प्रभावी कार्रवाई और जन-जागरूकता के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक ने जमानत निरस्तीकरण, जेल से रिहा अपराधियों की जांच, गुंडा और निगरानी बदमाशों पर लगातार निगरानी, जनसंवाद, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। चिन्हित गंभीर अपराधों में गुणवत्तापूर्ण विवेचना करने, एफआईआर से लेकर विचारण तक लगातार फॉलोअप करने, समय पर गवाहों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने और दोषियों को हर हाल में सजा दिलाने के निर्देश दिए। चाकूबाजों और गुंडों के आपराधिक रिकार्ड को ध्यान में रख जिलाबदर की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## वैश्य महासम्मेलन की युवा इकाई का शिविर : 21 यूनिट ब्लड एकत्र

**शिविर में उत्साह के साथ किया रक्तदान**

**नवभारत, कटनी।** वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई द्वारा प्रतिवर्ष वैश्य महासम्मेलन के संस्थापक नारायण प्रसाद गुप्ता की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में पूरे मध्यप्रदेश में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है इसी क्रम में जिला युवा इकाई द्वारा जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वैश्य महासम्मेलन प्रदेश महामंत्री सुरेश सोनी को युवा जिला अध्यक्ष हितेश बिलैया ने मोतियों की माला





ओर पीला दुपट्टा पहनाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में वैश्य महासम्मेलन जिला महामंत्री नवीन गुप्ता, महिला जिला कार्यकारी अध्यक्ष मति नीतू गुप्ता, युवा संभाग अध्यक्ष आशीष खेमका, जिला प्रभारी अग्रज लहरिया, कार्यक्रम संयोजक अंकित जैन युवा महामंत्री प्रभांशु वैश्य उपाध्यक्ष अंशुल बहरे सहित काफी संख्या में युवा इकाई के सदस्यों की उपस्थिति रही। युवाओं ने रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम में 21 यूनिट रक्तदान किया। इस दौरान लगभग 50 सदस्यों ने आगे आने वाले समय में जरूरत पड़ने पर रक्तदान करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंत में युवा जिला महामंत्री प्रभांशु वैश्य ने कार्यक्रम में पधारे सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## एक दर्जन हमलावरों ने युवक पर किया चाकू से हमला

**कोतवाली थाना क्षेत्र के आजाद चौक में हुई वारदात से दहशत**

**नवभारत, कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत आजाद चौक में रविवार को दिनहदाड़े एक 23 वर्षीय युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। चाकू के हमले से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दिनदहाड़े हुई चाकूबाजी से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। क्षेत्र में दहशत का महौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया



कि भट्टा मोहल्ला निवासी शुभांशु तिवारी (23) अपने निजी काम से आजाद चौक स्थित बद्दू लाल पटाखे की दुकान के पास खड़ा था। तभी अनमोल नामक युवक अपने 10-15 साथियों के साथ वहां पहुंचा और अचानक हमला कर दिया। जिसके कारण उसे गंभीर चोट आई है। अस्पताल में भर्ती शुभांशु तिवारी ने बताया कि हमलावरों से उनकी कोई पुरानी रंजिश या विवाद नहीं था। आरोपियों द्वारा अचानक हमला कर किया गया है।पुलिस ने इसम मामले की जानकारी मिलने के मामला दर्ज कर लिया है।

## आज युवाओं का युग, भारत निर्माण में बने सहभागी

**बस स्टैंड में किया गया युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत**

**नवभारत, कटनी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के कटनी आगमन पर माधव नगर गेट, बरगवां, कटाए घाट मोड मिशन चौक, आजाद चौक नदी पार, चांडक चौक सहित प्रियदर्शिनी बस स्टैंड में स्थित विजय मेमोरियल परिसर में बनाए गए मंच पर वेदमंत्रों के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान क्रेन के द्वारा फूलों से जड़ित गजरे की माला पहना कर शुभप्रकाश और कुशल प्रकाश मिश्र ने स्वागत



करते हुए युवा मोर्चा के प्रदेश को 51 किलो बजनी गदा और उन पर बनाई गई पेंटिंग भेंट की गई। इस दौरान काफी संख्या में युवाओ ने पुष्पों की वर्षा और आतिशबाजी के साथ अगमानी की। युवाओं को संबोधित करते युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने कहा आज युवाओं का दौर हैं, हमें एक जुट होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को साकार करना है और आधुनिक भारत के निर्माण में युवाओ को एक जुट रहकर कार्य करना है।

## नीलकंठेश्वर धाम में स्थापित हुई राधा-कृष्ण की प्रतिमाएं

**महाशिवरात्रि में विशेष धार्मिक आयोजन**

**नवभारत, कटनी।** जिले के विजयराघवगढ़ सलैया पडखुरी स्थित नीलकंठेश्वर भक्ति धाम भगवान श्रीकृष्ण, राधारानी और मित्र सुदामा की दिव्य प्रतिमाएं वैदिक मंत्रोच्चार शंखनाद और धार्मिक गुरुओं की उपस्थिति में विधि विधान से स्थापित कराई गईं हैं।इस अवसर पर पूरा धाम भक्ति और श्रद्धा से सराबोर हो उठा। पूजा-अर्चना के बाद कन्याभोज और ब्राह्मण भोज का आयोजन किया गया। जिसमें सेवा और



समर्पण की मिसाल देखने को मिली। नीलकंठेश्वर भक्ति धाम में महाशिवरात्रि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। हरिश्चंद्र पद्मभूषण से सम्मानित मदनलाल ग्रोवर द्वारा प्रारंभ की गई इस परंपरा को आज भी उसी श्रद्धा और भव्यता से आगे बढ़ाया जा रहा है। महाशिवरात्रि पर शिवलिंग निर्माण, शिव बारात, विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। नीलकंठेश्वर भक्ति धाम समिति के संचालक और आयोजक मदनलाल ग्रोवर, विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक, बाबू ग्रोवर और रुद्राक्ष ग्रोवर के मार्गदर्शन में आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। विशेष आकर्षण के रूप में ब्रजवासी कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली धार्मिक कलाएं भक्तों का मन मोह लेंगी और वृंदावन की अनुभूति कराएंगी।

बाबू ग्रोवर और रुद्राक्ष ग्रोवर ने श्रद्धालुओं से कहा है कि महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिव बारात में शामिल हों और धार्मिक कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दें।

**बैठक** | संकल्प से समाधान अभियान की प्रगति की समीक्षा, बकाया राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश

# आगामी चार महीने का निर्धारण करें लक्ष्य, टैक्स जमा नहीं करने बकायादारों की हो कुर्की

**नवभारत, कटनी।** नगर निगम कार्यालय में सोमवार को समय-सीमा की बैठक में निगमायुक्त तपस्या परिहार ने शासकीय योजनाओं और विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकताओं वाले कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। निगमायुक्त ने अधिकारियों को आगामी चार माह के लक्ष्यों का निर्धारण कर अभी से कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। निगमायुक्त ने संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत निगम प्रशासन द्वारा आयोजित की जा रही गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि



अभियान का उद्देश्य जनता की समस्याओं का तत्काल और गुणवत्तापूर्ण समाधान है। उन्होंने इस कार्य में संलग्न निगम के शाखा प्रमुखों को समय सीमा में कार्य पूर्ण करने, फील्ड स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए केंद्र और राज्य शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और लंबित आवेदनों के तत्काल निराकरण पर भी जोर दिया गया। निगमायुक्त ने सीएम हेल्पलाइन की विभिन्न शाखाओं की लंबित शिकायतों की समीक्षा कर गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का सिर्फ औपचारिक नहीं बल्कि संतुष्टि पूर्वक और गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए। शाखा प्रमुख समय-सीमा में समाधान कर फीडबैक दें, ताकि शिकायतों की पुनरावृत्ति नहीं हो, ग्रेडिंग में और अधिक सुधार किया जा सके। राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि फील्ड में सक्रिय रहकर बकाया करों की सख्ती से वसूली की जाए, मकानों, प्रतिष्ठानों की वास्तविक स्थिति, अपडेट डिमांड के अनुसार वसूली की जाए। बड़े बकाएदारों पर नियमानुसार कुर्की, तालाबंदी जैसी कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए हैं। निगमायुक्त ने बैठक के दौरान नगर कहा कि नगर की वर्तमान सफाई व्यवस्था में और सुधार लानें के प्रयास किए जाए। इसके लिए बाजार क्षेत्रों मे नियमित सफाई के साथ ही गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई करने, हांथ ठेलों की मरम्मत कराने, आवारा मवेशियों पर नियमित रूप से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के साथ ही मच्छरों के नियंत्रण के लिए फागिंग अभियान के साथ ही कीटनाशक दवा का छिड़काव नियमित रूप से किया जाए।

बैठक के दौरान उपायुक्त शैलेष गुप्ता, कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, असित खरे अंशुमान सिंह, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक सहित अन्य शाखाओं के अधिकारी उपस्थित रहे।

KAMAKHYA REAL ESTATE
हम है आपकी हर जरूरत के लिए भरोसेमंद साथी...
आवासीय मकान और प्लाट, वाणिज्य (कमर्शियल) संपत्तियां, औद्योगिक (इंडस्ट्रियल)
प्लॉट अब संपत्ति की खरीद-फरोख्त करें
पूरी पारदर्शिता और आसानी के साथ चाहे आपको चाहिए एक सुकून भरा घर रिहायशी प्लॉट
व्यवसाय के लिए दुकान
आपकी फैक्ट्री के लिए उपयुक्त जमीन
पूरे भारत में प्रॉपटी खरीदने के लिए संपर्क करें
AMIT GAUTAM +91 86430-19577, +91 96911-21453
E-mail: kamakhyarealstate@gmail.com

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
डॉ.राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ.हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024